अमर उजाला
बरेली ■ शनिवार, 19 अप्रैल 2025

PAGE NO : 04 TOP

खेल

■ **प्रतियोगिता** : भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर इंटर स्कूल क्रिकेट एंड फुटबॉल टूर्नामेंट सुबह 8 बजे से।

PAGE NO : 07 TOP

# बासुबरल व विद्या वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के बीच खिताबी मुकाबला

## बासुबरल ने एसआर को छह विकेट, विद्या वर्ल्ड ने नेशनल पब्लिक स्कूल को नौ विकेट से दी मात

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स का फाइनल मुकाबला बासुबरल सरस्वती और विद्या वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के बीच होगा। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में दोनों ही टीमों ने अपने-अपने मैच जीते।

पहले मैच में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाए। बासुबरल की टीम ने 17.1 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। एसआर इंटरनेशनल के तीन खिलाड़ियों को आउट करने के साथ-साथ नाबाद सात रन बनाने वाले बासुबरल सरस्वती के शाहिद सैफी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शॉट लगाने के बाद रन लेने के लिए दौड़ लगाते खिलाड़ी। स्रोत : एसआरएमएस

दूसरे मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल के कप्तान अरुण यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम 10.1 ओवर में 31 रन पर ही ढेर हो गई। एकमात्र बल्लेबाज वंश ने दहाई का आंकड़ा पार किया। पांच खिलाड़ी खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए। दो ओवर में तीन रन देकर पांच विकेट लेने वाले लकी को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

# आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और डीपीएस के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और डीपीएस बरेली की टीम ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को दोनों टीमों के बीच खिताबी भिड़ंत होगी।

पहला सेमीफाइनल मुकाबला एकतरफा रहा। आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग ने चाइल्ड केयर को 5-0 से मात दी। आर्मी स्कूल की ओर से आयुष शर्मा, आर्यन सिंह ने एक-एक और हर्षित ने दो गोल किए। मैच के 19वें मिनट में चाइल्ड केयर के खिलाड़ी एक आत्मघाती गोल भी

**श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज**

कर बैठे।

दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में डीपीएस बरेली की टीम ने एयरफोर्स स्कूल की टीम को 2-0 से पराजित किया। मैच के अंतिम क्षणों में डीपीएस के अजीज और इशांत ने एक-एक गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, बरेली फुटबाल संघ के सचिव मूस रॉबिंसन, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, आयोजन समिति के सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती, नितिन सक्सेना, शंकरपाल, कामरान असरफ, कोच एसपी सिंह आदि मौजूद रहे।